nandgaon times feb-05-04.qxd 2/4/2025 11:59 PM Page 1

पंडवानी के सुरों से गुंजायमान हुआ... पृष्ठ 2 | एक दिवसीय त्रिशक्ति साधना... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


बुधवार, 05 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 113, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# मुख्यमंत्री की छवि को लगा धक्का

## पाटेकोहरा बेरियर कांड : मारपीट करने वाले टीआई पर कार्रवाई नहीं



ड्राइवर ने की आत्मदाह की कोशिश, बेरियर प्रभारी हटाए गए

**उत्तम पाण्डे**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पाटेकोहरा बेरियर में हाल ही में हुई एक गंभीर घटना ने प्रशासन और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बेरियर पर तैनात टीआई द्वारा एक ट्रक ड्राइवर से मारपीट किए जाने के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया।स्थिति तब और गंभीर हो गई जब आक्रोशित एक ड्राइवर ने आत्मदाह करने की कोशिश की। इस घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया और उपायुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बेरियर प्रभारी को हटा दिया हालांकि, मारपीट करने वाले टीआई के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ड्राइवर संघ में नाराजगी बनी हुई है। आनन-फ़ानन में विभाग में बैठे उच्च अधिकारियों ने प्रभारी को तो हटा दिया लेकिन मारपीट करने वाले टी आई को ना हटाकर मुख्यमंत्री के छबि पर पलीता लगा दिया ।



### अधिकारियों ने बेरियर प्रभारी की कॉल नहीं उठाई

जानकारी के मुताबिक, जिस दिन यह घटना हुई, उस दिन बेरियर प्रभारी ने हेड ऑफिस के अधिकारियों को सात से आठ बार कॉल किया, लेकिन किसी ने भी उनका फोन रिसीव नहीं किया।इससे साफ होता है कि उच्च अधिकारियों ने इस मामले में समय पर कोई संज्ञान नहीं लिया।

### स्टाफकी कमी और प्रशासनिक लापरवाही

पहले से ही बेरियर पर स्टाफ की भारी कमी है, लेकिन इसके बावजूद परिवहन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ड्राइवरों का कहना है कि बेरियर पर अधिकारियों का रवैया काफी सख्त रहता है और कई बार उनके साथ अनुचित व्यवहार किया जाता है।

### पाटेकोहरा बेरियर में मैकेनिकल फीस के नाम पर वसूली

सूत्रों के अनुसार, ट्रक ड्राइवरों से बेरियर पर जबरन मैकेनिकल फीस वसूली जाती है, जबकि इसका कोई स्पष्ट नियम नहीं है। ड्राइवरों का आरोप है कि यह पूरी वसूली एक संगठित गिरोह के इशारे पर होती है, जिसमें कुछ अधिकारियों की भी संलिप्तता हो सकती है। इस अनियमितता से गाड़ी चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### क्या अधिकारियों ने किया नियमों का उल्लंघन?

सूत्रों के मुताबिक, रायपुर में बैठे परिवहन विभाग के उच्च अधिकारी अपने चहेते अधिकारियों को मनमाने तरीके से तैनात कर रहे हैं। बिना किसी आधिकारिक अनुमोदन के नियुक्ति करना यह दर्शाता है कि अधिकारी सीधे मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। इससे सरकार की कार्यशैली और नियमों की निष्पक्षता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### बिना मंत्री की मंजूरी के हुई नए प्रभारी की नियुक्ति

इसी बीच, बेरियर पर नए प्रभारी चंद्र कुमार साहू की नियुक्ति को लेकर भी विवाद खड़ा हो गया है। बताया जा रहा है कि उनकी नियुक्ति बिना परिवहन मंत्री जो की अभी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पास है उनके अनुमोदन के की गई है, जो नियमों के खिलाफहै। इससे मुख्यमंत्री की छबि धूमिल हो गई है और अधिकारी उनके छबि पर पलीता लगाने को है ।



### विभाग की भूमिका संदिग्ध

गंभीर बात यह भी है कि इस पूरी घटना के बावजूद परिवहन विभाग ने अब तक ड्राइवर के खिलाफ थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है, जबकि सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में कार्रवाई होनी चाहिए थी। इस पूरे मामले ने रायपुर में बैठे अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्रक ड्राइवर संघ ने चेतावनी दी है कि अगर दोषी टीआई के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे। वहीं, परिवहन विभाग के अधिकारी अभी इस पर कोई स्पष्ट जवाब देने से बच रहे हैं।

# अरुण देव गौतम बने छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी

## 1992 बैच के आईपीएस अफसर हैं



रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ को नया पुलिस महानिदेशक मिल गया है। 1992 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी अरुण देव गौतम को प्रदेश का नया डीजीपी नियुक्त किया गया है। कई अधिकारियों के नाम केंद्र सरकार के संघ लोक सेवा आयोग (क्कस्ष्) को भेजे गए थे, जिसके बाद उनके नाम पर मुहर लगी।

अरुण देव गौतम इससे पहले राज्य के छह जिलों में पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं। वे अपने शानदार ट्रैक रिकॉर्ड और प्रशासनिक दक्षता के लिए जाने जाते हैं।

**सम्मान और उपलब्धियां**

अरुण देव गौतम को अपने कर्तव्यनिष्ठ सेवाओं के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। उन्हें संयुक्त राष्ट्र पदक के अलावा वर्ष 2010 में भारतीय पुलिस पदक और 2018 में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2002 में संघर्षग्रस्त कोसोवा में सेवा देने के लिए भी उन्हें संयुक्त राष्ट्र पदक मिला था।

**अशोक जुनेजा का कार्यकाल पूरा**

छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल सोमवार को समाप्त हो गया। वे पहले ही दो बार सेवा विस्तार पा चुके थे। उनके कार्यकाल के बाद अब अरुण देव गौतम को प्रदेश की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नए डीजीपी के रूप में अरुण देव गौतम की नियुक्ति से पुलिस प्रशासन में नए बदलाव की उम्मीद की जा रही है। वे अपने अनुभव और रणनीतिक नेतृत्व से छत्तीसगढ़ पुलिस को नई दिशा देने की कोशिश करेंगे।

# जीपी सिंह डीजी बनें



## डीपीसी की बैठक में की गई अनुशंसा

**रायपुर।** डीपीसी की बैठक में की गई अनुशंसा, जल्द जारी होगा आधिकारिक आदेशकैट के रास्ते सेवा बहाली के बाद आज जीपी सिंह एडीजी से डीजी भी प्रमोट हो गए. अशोक जुनेजा के रिटायर होते ही डीजीपी के एक रिक्त पद के लिए आज डीपीसी की बैठक हुई. इसमें एडीजी जीपी सिंह को डीजी प्रमोट करने की अनुशंसा की गई. इस संबंध में आधिकारिक आदेश जल्द जारी किया जाएगा.

राज्य में डीजी के दो कैडर और दो एक्स कैडर पोस्ट हैं, इनमें अशोक जुनेजा, पवन देव, अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता थे. जीपी सिंह की बहाली के बाद इस बात पर संशय की स्थिति बन गई थी कि उन्हें डीजी प्रमोट कैसे किया जाए? तब अशोक जुनेजा के एक्सटेंशन की भी चर्चा चल रही थी. यदि एक्सटेंशन दिया जाता तब की सूरत में हिमांशु गुप्ता को डिमोट करने के अलावा कोई दूसरा चारा नहीं होता. चूँकि, अशोक जुनेजा रिटायर हो गए, इस लिहाज से डीओपीटी ने रिक्त होने वाली एक कैडर पोस्ट के लिए राज्य शासन को डीपीसी करने के निर्देश दिए थे. आज डीपीसी की बैठक में जीपी सिंह को डीजी प्रमोट करने की अनुशंसा कर दी गई।

# संस्कारधानी के विकास का एक ही विकल्प-लैपटॉप- दीपा लव रामटेके

**हमें अवसर मिला तो मोहल्ला विकास समिति बनायेगें**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निर्दलीय महापौर प्रत्याशी का सघन जन सम्पर्क राजनांदगॉव निगम क्षेत्र में लगातार चल रहा है, नगर की जनता अब अच्छा और सच्चा विकास चाहती है. लोग बहकावें अब आने वाले नहीं, पूर्व के महापौरों ने डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी शहर की हालत बद से बत्तर कर दी है. आज भी लोग मूलभूत व जरूरी सुविधाओं के लिये तरस रहें है. लेकिन सरकार तक तक उनकी आवाज नहीं जाती है. सीधे शब्दों में कहे तो शहर के लोगों की कोई सुनता नहीं है, और किसी नेता ने सुना भी तो केवल आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिला. बडे नेताओं को शहर की जनता की याद चुनाव के समय ही आती है, बाकी समय सुध लेने वाला कोई नहीं. महापौर प्रत्याशी दीपा लव रामटेके ने नगर की जनता को आश्वस्त किया की यदि उन्हें अवसर मिला तो शहर सहित वार्ड के विकास के लिये लोगों की राय ली जावेगी और वार्डो में मोहल्ला विकास समिति का गठन किया जावेगा. लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है तथा लोगों को दीपा लव रामटेके पर विश्वास हो रहा है. शहर में उभरकर आ गया है लैपटॉप।

# हर वार्ड में क्लिनिक , हर घर में गैस पाइप लाइन सहित राजस्व बढ़ाने के क्षेत्र में होगा काम - निखिल

**हजारो की संख्या में एकत्रित होकर जगह जगह फुल माला की आरती लेकर वार्डवासियों ने किया निखिल द्विवेदी का स्वागत कर दिया अपना आशीर्वाद**





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगरीय निकाय चुनाव के लोएकर कांग्रेस के युवा व्आ संघर्षशील प्रत्याशी निखिल द्विवेदी का पूरे शहर में सघन जनसम्पर्क निरंतर जारी है इसी तारतम्य में मंगलवाल को निखिल ने कई वार्डों में जा कर कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में जनता का आशीर्वाद माँगा व् महापौर पद के लिए जनता जनार्दन से शुभाशीष की कामना की ।

जनसम्पर्क के तहत बसंतपुर राजीव नगर वार्ड क्रमांक 42 में पार्षद प्रत्याशी श्रीमती कीर्ति साहू जी के पक्ष में , वार्ड 43 में पार्षद प्रत्याशी श्रीमती ममता जयसवाल जी के पक्ष में , वार्ड कमांक 46 में श्री हरिनारायण धकेता जी के पक्ष में एवं वार्ड नंबर 44 में कांग्रेस प्रत्याशी श्री हरिशंकर नेताम जी के पक्ष में निखिल ने जनसम्पर्क किया वहीँ वार्ड नंबर 45 में कांग्रेस प्रत्याशी श्री लेनिन कसार जी के पक्ष में निखिल ने आम जनता का समर्थन माँगा।

महापौर पद हेतु स्वयं के लिए जनता का आशीर्वाद मांगते हुए निखिल ने कहा की नगर निगम में महापौर के अलावा आप सभी को हर वार्ड में कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी को भी अपना आशीर्वाद देना है ताकि शहर के विकास में कहीं भी किसी प्रकार की कमी ना रह जाए । निखिल ने कहा कि शहर के विकास को लेकर आम जनता की राय से हर तरह के काम किये जाएंगे जिसमे हर वार्ड में क्लिनिक खुलवाने की व्यवस्था की जायेगी ताकि छोटी छोटी बीमारियों के लिए कहीं दूर लोगों को ना दौड़ना पड़े। निखिल ने कहा कि हर घर में गैस पाइप लाइन बिछाने की दिशा में भी काम किया जाएगा ।निखिल ने कहा कि शहर के विकास को बढ़ाने के लिए राजस्व में बढ़ोत्तरी के लिए काम किया जाएगा वहीँ हर वार्ड में पढ़ाई में तेज छात्र क्षेत्राओं के लिए अलग से छात्रवृत्ति योजना बनाई जायेगी । जनता जनार्दन से अपनी बात रखते हुए निखिल ने कहा कि शहर के सौदर्यीकरण व् विकास को लेकर बहुत सी योजनाएं हैं लेकिन यह सब तभी संभव हो पायेगा जब आप सब अपने बेटे अपने छोटे भाई को जीता कर महापौर बनाएंगे । इस दौरान बड़ी संख्या में जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी,पूर्व महापौर हेमा देशमुख , जितेंद्र मुदलियार,मेहुल मारू, सूर्यकांत जैन, दौलत चंदेल,माया शर्मा ,राकेश जोशी,प्रबीण मेश्राम,पार्षद प्रत्याशी कीर्ति साहू,ममता जयसवाल ,हरिनारायण धकेता , लेनिन कसार, हरिशंकर नेताम ,मामराज अग्रवाल,दीपक यादव,रूबी गरचा ,ऋषि शास्त्री,चेतन भानुशाली,विवेक बहादुर, गणेश पावर,रजत तिवारी, राजा यादव,ऋषभ निर्मलकर,राम शास्त्री,अभिमन्यु मिश्रा,अफताब अहमद , विलयम बंसोड़ हर्ष खोबरगाड़े,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।



## कांग्रेस प्रत्याशी का सघन जनसम्पर्क निरंतर जारी

# भगवान का एक भक्त ही नास्तिक लोगों को भयभीत करने के लिए पर्याप्त होता है...



**प्रयागराज।** माँ कामाख्या देवी जनकल्याण सेवा संस्थान शिविर में आज परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) सुंदरकांड की कथा में यह बताएं कि भगवान का एक भक्त ही नास्तिक लोगों को भयभीत करने के लिए पर्याप्त होता है हनुमान जी भगवान राम के अमोघ बाण बनकर लंका में प्रवेश करते हैं और जब पुष्प वाटिका जाते हैं राक्षस लोग इतने भयभीत हो जाते हैं सब लोग डरे हुए हैं जब रावण के पास जाकर बताते हैं बोल भी नहीं पा रहे है,और जब रावण अक्षय कुमार को भेजते हैं अक्ष जब समक्ष हो जाता है तो अप्रत्यक्ष हो जाता है कभी वापस भी नहीं आया,हनुमान जी तुरंत समाप्त कर देते है, जिनके ऊपर भगवान की कृपा हो शक्ति हो, दुर्जन चाह कर भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता है, हनुमान जी लंका में प्रवेश भी करते हैं और लंका को जलाकर माता सीता की संदेश लेकर वापस भीआते हैं।

**शक्ति के बिना हम सबका जीवन अधूरा होता है...**

गुरुदेव कथा में यह बताए कि पूरे ब्रम्हांड शक्ति केवल पर ही चल रही है शक्ति के बिना सब कुछ अधूरा होता है और हम सब को भी अपनी अंदर की शक्ति को जागृत करने की आवश्यकता है जब शक्ति शिथिल रहती है तो हम कुछ नहीं कर पाते है, भगवान राम भी वन में आदि शक्ति कि अराधना करते हैं ,अर्जुन भी युद्ध के मैदान में आदिशक्ति की अराधना करते हैं शक्ति के द्वारा ही विजय प्राप्त करते हैं, जिनका जीवन सुखी हो उनको भी और जिनका जीवन दुखी हो उनको भी सबको आदिशक्ति के आराधना करनी चाहिए। साथ में गुरुदेव द्वारा ऊनी वस्त्र,कंबल, टोपा ,स्वेटर आदि वितरण किया गया काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे, प्रतिदिन संस्था द्वारा सेवा कार्य किया जा रहा है।



nandgaon times feb-05-04.qxd 2/4/2025 11:59 PM Page 2



# पंडवानी के सुरों से गुंजायमान हुआ साहित्य समिति का वासंती आयोजन












**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ साहित्य समिति और कस्तूरबा महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी को ज्ञान की देवी मां सरस्वती पूजन सहित बगरो- बसंत पर साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान सुविख्यात पंडवानी गायिका तरुणा साहू द्वारा मां वीणावादन के चरणों में पंडवानी के सुरों से लोक रंगी कला पुष्प अर्पित किया गया। रेल्वे सुरक्षा बल अधिकारी श्रीमती साहू की पंडवानी सुनने बड़ी संख्या में कस्तूरबा की समाज सेवी ?महिलाए एवं कवि / साहित्यकारों की उपस्थिति रही।

बसंत पंचमी पर आयोजित, कस्तूरबा व साहित्य समिति के इस आयोजन में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती रत्ना ओस्तवाल जी ने सरस्वती पुत्र कहे जाने वाले मूर्धन्य साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी और महादेवी वर्मा जी के वृतांत को सुनाकर आयोजन को जीवंतता प्रदान की वहीं कृषि विस्तार अधिकारी व कवयित्री सुषमा शुक्ला ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की यशोधरा कविता की तरह मैं बुद्ध नहीं यशोधरा बनना चाहती हूं,, कविता सुनाकर नारी पीड़ा को व्यंजित किया । इस दौरान साहित्य समिति के अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक वरिष्ठ कवि साहित्यकार एवं लोक कला धर्मी आत्माराम कोशा अमात्य ने ढर जाए जे आंसू ते मोती,, जम जाए ये बज्रा हीरा ये,, सुनाकर छत्तीसगढ़ की दया- मया- पीरा का सुमधुर बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कमला कालेज के प्रोफेसर डॉ कृष्ण कुमार दीक्षित ने ऋतु राज बसंत के आगमन के संदर्भ में कामदेव के अनंग होने की कथा सविस्तार बताई और सबको बसंत पंचमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## बुद्ध नहीं यशोधरा बनना चाहती हुं के साथ व्यंजित हुई नारी की पीड़ा

**वर दे,,,वीणा वादिनी वर दे**

कार्यक्रम में कवयित्री अनिता जैन ने निराला जी की वर दे वीणा वादिनी कविता पाठ से वहीं कवि लखन लाल साहू लहर ने अपनी बसंत आगे,, तुलसी के पाना हरियागे,,रचना से बासंती आयोजन में रंग भरे। ग्रामीण क्षेत्र से पधारे कवि आनंद राम सार्वा ने प्रासंगिक विषय बगरो बसंत पर छत्तीसगढ़ी में रचना सुना कर आनंदित किया वहीं पवन यादव पहुना ने श्री निराला जी पर सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत कर वाहवाही पाई। इस दौरान कवयित्री माया अग्रवाल ने अपनी रचना पाठ में बासंतिक परिवेश को छुआ वहीं कवि/ साहित्यकार एवं फिल्म निर्माता अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा ने देखो बसंत आया,, प्रीत जगा दिल में कविता सुनाकर वाहवाही पाई। खतरे में है कुर्सी साहित्य समिति के उपाध्यक्ष गिरीश ठक्कर स्वर्गीय ने कुर्सी खतरे में है,, सहित विभिन्न क्षणिकाएं सुनाकर तालियां बटोरी, वहीं कार्यक्रम का विभिन्न रसमयी क्षणिकाओं के साथ संचालन कर रहे कवि शैलेश गुप्ता की सुपुत्री नवोदित वसुधा गुप्ता ने अपनी चुटीली रचना पाठ से प्रशंसा पाई । साहित्य समिति के सचिव कथाकार मानसिंह मौलिक ने महुआ संग मस्ती में डूबे, पलाश बिखेरे रंग,,सुनाकर तालियां बटोरी वहीं समाज सेवी श्रीमती किरण अग्रवाल ने बसंत पंचमी पर विद्यारंभ संस्कार की महत्ता बताते हुए तथा श्रीमती माला शुक्ला द्वारा अपने प्रेरक काव्य- पाठ से उपस्थितों को बासंती काव्य रंग में सराबोर किया। इस दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शरद अग्रवाल व आशीष जयकिशन चितलांग्या ने बसंत पंचमी पर सबको बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बासंती आयोजन की सराहना की। श्रीमती तरुणा साहू के सुमधुर पंडवानी गायन में हारमोनियम पर संगत चतुर दाऊ ने की वहीं तबले पर अपना जौहर मनहरण साहू मनु ने दिखाया। रागी की भूमिका में नत्थन दास जी व बिसराम साहू छाए रहे। वासंती काव्यायोजन की शुरुआत कस्तूरबा की अध्यक्ष श्रीमती अलका जानी, श्रीमती रत्ना ओस्तवाल व पंडवानी गायिका तरुणा साहू व श्री कोशा के द्वारा मां सरस्वती की पूजा कर की गई। इस दौरान आराधना मंच की प्रभा बरडिया ,कस्तूरबा की जनक बाई गुप्ता शकुन गुप्ता, दुर्गा खंडेलवाल, मोना लोहिया, भगवती खंडेलवाल,प्राचार्य प्रवीण गुप्ता, सीताराम वैष्णव, सहित बड़ी संख्या में कस्तूरबा के छात्र -छात्राओं एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## विश्व कैंसर दिवस पर एसबीआई फाउंडेशन और शिखर युवा मंच की अनोखी पहल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच के सहयोग से मोबाइल मेडिकल यूनिट राजनांदगांव की टीम ने ग्राम पंचायत कोठीटोला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के तहत एसबीआई संजीवनी टीम ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के कारण, बचाव और उपचार की विस्तृत जानकारी दी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ते कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और आयुष्मान भारत योजना के लक्ष्य को साकार करना था। कार्यक्रम में मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम के जिला समन्वयक योगेश चौहान, डॉक्टर ईश्वर यादव, स्टाफ नर्स दीपिका जोशी, फार्मासिस्ट मनोज कश्यप, लैब टेक्नीशियन आशीष साहू, पायलट लिखिल सहारे समेत विद्यालय के प्राचार्य अजय सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। यह पहल न केवल विद्यार्थियों बल्कि समूचे समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



## शासकीय प्राथमिक शाला पांगरीकला कला में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के संकुल साल्हे अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पांगरीकला में 3 फरवरी 2025 को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शाला परिसर में ग्राम के सभी महिला स्व सहायता समूह एवं ग्रामीण जनों के जन सहयोग से गांव में त्यौहार मना कर बड़े ही धूमधाम से मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित किया गया.इस शुभ अवसर पर सभी ग्राम वासियों द्वारा खीर पूड़ी और प्रसाद का वितरण किया गया. साथ ही शाला के पूर्व पदस्थ शिक्षकों को आमंत्रित कर नारियल और गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया. इस पुण्य कार्य में दोनों शालाओं के प्रधान पाठकों श्रीकांत वैष्णव एवं सोनकर राम प्रधान एवं सभी शिक्षकों के साथ-साथ ग्राम समिति के अध्यक्ष थानसिंग साहू, पतिराम साहू,भूतपूर्व सरपंच दयालदास साहू, भूतपूर्व सरपंच अंजलि घावड़े, गोकुल राम साहू, जीवन साहू, उमेश साहू, जगदीश बनाफर, रेवाराम साहू, डामन साहू, भुवन साहू, एवं प्राथमिक शाला के शिक्षक भूपेन्द्र यादव और ग्राम के समस्त महिला समूह के सभी महिलाओं और ग्रामवासी पांगरीकला का अमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ।



# जनपद पंचायत क्षेत्र क्र. 11 के लिए कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी रवि कुमार साहू ने भरा नामांकन

## चुनावी माहौल में 3 तारीख को पूरे दिन रवि कुमार साहू का नाम चर्चाओ में रहा

**राजनांदगांव/ खुज्जी ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में नगरी निकाय और पंचायत चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया समाप्त हो गयी है इसी कड़ी में खुज्जी जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के लिए कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी रवि कुमार साहू ने अपना नामांकन फॉर्म जमा किया।नामांकन के समय में ही रवि कुमार साहू के समर्थन में ग्रामीणों की भीड़ देखने को मिली। ज्ञात हो कि रवि कुमार साहू वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भोलाराम साहू खुज्जी विधानसभा विधायक के सुपुत्र हैं पिता की भांति ही रवि कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्त्ता रहे है। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें अपने गृह क्षेत्र जनपद पंचायत क्रमांक 11 से टिकट देकर के लोगो की सेवा करने का मौका दिया है। ज्ञात हो कि युवाओ मे रवि काफी चर्चित है साथ ही इनका सीधा सरल व्यवहार निश्चित ही इन्हे इसका फायदा मिलेगा साथ ही पिता के साथ रहते हुए इन्हे सालो का अनुभव भी मिला हुआ है। जो लोगो के बिच रहकर उनकी समस्याओ को समझने और निराकरण के लिए इन्हे पूर्वनुभाव भी है। रवि कुमार साहू की राजनीति करियर की बात करें तो वर्तमान में वह कांग्रेस में जिला महामंत्री के पद में रहकर कांग्रेस पार्टी की रीति और नीति को लोगो तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं उन्होंने राजा खुज्जी में पूर्व में निर्विरोध पंच का चुनाव जीता हुआ है रवि पिछले कई वर्षो से कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता रहे है । अपने प्रेस विज्ञप्ति में रवि ने बताया कि उन्हें जनपद क्रमांक 11 में सभी समाज, बड़े बुजुर्गों महिलाओं ,और युवाओं का आशीर्वाद चाहिए और जनता उन्हें एक बार मौका देती है तो निश्चित ही वह कई बड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन अपने जनपद क्षेत्र में करवाएंगे साथ ही जल, स्वच्छता ,स्वास्थ्य, विद्युत के विषय में होने वाली कई समस्याएं, स्वच्छ नाली और शासन से आने वाली सामाजिक और जन हितैषी कई योजनाएं जिनमें सामाजिक से लेकर लोगों के हित के काम आने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन करवाएंगे। साथ ही कहा कि खुज्जी,बढ़भूम, करेढी,बडगांव चारभाठा में उन्हें अपार जन समर्थन मिल रहा है युवा वर्ग उनके चुनाव लड़ने से हर्षोलायित है समर्थन का बढ़ता जन समूह उन्हें विजयश्री की ओर ले जाएगा।



# रामाटोला राज देवांगन समाज के अध्यक्ष नारायण देवांगन एवं सचिव नकुल देवांगन निर्विरोध निर्वाचित



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** उ रामा टोला राज देवांगन समाज का त्रैवार्षिक आम निर्वाचन रामाटोला राज स्तरीय परमेश्वरी महोत्सव देवांगन समाज डोंगरगढ़ नवीन इकाई के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संपन्न किया गया जिसमें श्री नारायण देवांगन को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।रामाटोला राज के अन्य पदाधिकारी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री रूपचंद देवांगन ठाकुरटोला कनिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नेत्त राम देवांगन लाल बहादुर नगर सचिव श्री नकुल देवांगन भोथली सहसचिव श्री हरिश्चंद्र देवांगन डोंगरगढ़ नवीन कोषाध्यक्ष श्री खम्हन देवांगन रामाटोला कार्यालयीन सचिव श्री भुवनेश्वर देवांगन मेंढ़ा एवं श्री जगपाल देवांगन चारभांठा को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इसी प्रकार रामाटोला राज देवांगन समाज के अंतर्गत समस्त इकाई के पदाधिकारी का भी निर्वाचन संपन्न किया गया था जिसमें इकाई मेंढ़ा से अध्यक्ष श्री जग्गू राम देवांगन सचिव श्री अजय देवांगन डोंगरगढ़ पूर्व से अध्यक्ष श्री चुम्मन देवांगन सचिव श्री खुमेश देवांगन डोंगरगढ़ नवीन इकाई से अध्यक्ष श्री राम कुमार देवांगन सचिव श्री अभिलाष देवांगन भोथली से अध्यक्ष श्री बलराम देवांगन सचिव श्री हितेंद्र कुमार देवांगन चारभाठा से अध्यक्ष श्री राजकुमार देवांगन सचिव श्री देवेंद्र देवांगन लाल बहादुर नगर से अध्यक्ष श्री तोरण देवांगन सचिव श्री गोरेलाल देवांगन ठाकुरटोला से अध्यक्ष श्री देवीलाल देवांगन सचिव श्री ध्रुव देवांगन रामाटोला से अध्यक्ष श्री भागीरथी देवांगन एवं सचिव श्री कुलेश देवांगन को सर्व समिति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया है।

# स्त्री को मानसिक रूप से शिक्षित वह सशक्त होने की आवश्यकता - डॉ. बी एन जागृत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में पीएम उषा व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 'लिंग संवेदनशीलता 'विषय पर 3 फरवरी से 10 फरवरी तक सात दिवसीय कार्य शाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला के प्रथम दिवस में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय की हिंदी विभाग की वरिष्ठ अध्यापक डॉ बी एन जागृत उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती सविता चंद्रवंशी ने संचालन करते हुए कार्यक्रम के रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला की शुभारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में स्त्री को मानसिक रूप से शिक्षित वह सशक्त होने की आवश्यकता है । मुख्य वक्ता डॉ बी एन जागृत ने कहा कि महिलाओं की संवेदनशीलता को समझना महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी अतिआवश्यक है। उन्होंने पौराणिक ,ऐतिहासिक और वर्तमान में स्त्रियों की स्थिति को उदहारणों के माध्यम से छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि- स्त्री पैदा नहीं होती ,बनाई जाती है। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती स्वयंसिद्धा झा ने आभार व्यक्त किया ।इस कार्यक्रम में भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे तथा समिति के सदस्य हेमलता साहू प्रियंका दास, डॉ देहूति , पूजा कुमारी तकनीकी सहयोगी रामावतार साहू कार्यक्रम की रिपोर्टिंग कर रहे कौशिक बिशी, फोटोग्राफी के लिए डॉ सूरज पटेल उपस्थित रहे।



# शास. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्नातकोत्तर भौतिक शास्त्र का कोलकाता शैक्षिक भ्रमण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शास. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्नातकोत्तर भौतिक शास्त्र के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य (डॉ. सुचित्रा गुप्ता) के संरक्षण एवं भौतिक शास्त्र विभागद्याक्ष डॉ. पी. बी. टांक के मार्ग दर्शन में भौतिक शास्त्र स्नातकोत्तर के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के 55 छात्रों द्वारा कोलकाता का पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण दिनांक 28/01/25 से 01/02/25 तक किया गया । भ्रमण में छात्रों के मार्गदर्शन हेतु विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री लेखा प्रसाद उर्वशा, एवं अतिथि व्याख्या डॉ रामकृष्ण देशमुख ने अपनी अहम भूमिका निभाए । हमारी कोलकाता यात्रा एक अविस्मरणीय अनुभव रहा, जहाँ हमने विज्ञान, इतिहास, संस्कृति और प्रकृति के अद्भुत संगम को नजदीक से देखा। इस यात्रा के दौरान हमने साइंस सिटी, गंगासागर, कालीघाट मंदिर, एयरक्राफ्ट म्यूज़ियम, इंडियन म्यूज़ियम, ईको पार्क और विक्टोरिया मेमोरियल का भ्रमण किया। हमारी यात्रा की शुरुआत साइंस सिटी से हुई, जो भारत का सबसे बड़ा विज्ञान केंद्र है। यहाँ हमने डायनासोर गैलरी, 3D थिएटर, टाइम मशीन, स्पेस ओडिसी और रोबोटिक्स के अद्भुत प्रयोगों को देखा। यह एक रोचक और ज्ञानवर्धक अनुभव था, विशेष रूप से विज्ञान प्रेमियों के लिए। इसके बाद हमने गंगासागर तीर्थ की यात्रा की, जो गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर स्थित है। यह स्थान हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है और यहाँ प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर लाखों श्रद्धालु स्नान करने आते हैं। कोलकाता का प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर माँ काली को समर्पित है और 51 शक्तिपीठों में से एक है। इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रहती है।




**शुभांक**

**2-6-8**

**267-5 357-5**

**भाग्यांक**

**278-7 270-9**


**नाम परिवर्तन**

मै नेहा जैन पति दिपेश जैन उम्र 35 वर्ष निवासी सीआईवी आई एल लाइन खैरागढ़ जिला केसीजी (छ.ग.) का रहने वाली हुं। मेरी पुत्री गृति जैन का जन्म 01/11/2014 को हुई थी। उस दौरान उसका नाम गृति जैन रखी गई थी। लेकिन आधार कार्ड में त्रुटि वश गृति के स्थान पर समृद्धि जैन हो गया। एवं इसी तरह जन्म प्रमाण पत्र में नाम गृति जैन उर्फ समृद्धि जैन हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम गृति जैन है। मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में गलत नाम समृद्धि को सुधार कर गृति जैन करना है। जिसे राजपत्र मे प्रकाशन की आवश्कता है।

अतः यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हुं।

दिनांक 03 /02/2025 स्थान-खैरागढ़

नेहा जैन
पति दिपेश जैन
सीआईवी आई एल लाइन खैरागढ़
जिला - केसीजी (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदंण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

-: ईश्तहार::-

रा.मा.क्रं..... बी 121 वर्ष 201-201

आवेदक दुरपति की एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दूरपति वर्मा आ0 मेघनाथ वर्मा निवासी शहर/ग्राम. काँचरी प.ह.नं. ....तहसील खैरागढ़ जिला राजनांदगांव स्वय दुरपति वर्मा आ. मेघनाथ वर्मा जन्म प्रमाण पत्र की माँग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म दिनांक 20/09/1986 को स्थान काँचरी ..पर होना बताया जाकर जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, वे सुनवाई तिथि 10/02/2025 लिखित में स्वयं / अथवा अपने अभिभाषक के भाध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 01/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनांकः-01/02/2025**
**सुनवाई दिनांकः- 10/02/2025**

सील — कार्यपालिकदंडाधिकारी खैरागढ़

**तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव छ.ग.**

- ईश्तहार ::

रा0मा0कं0......बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधन आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती लक्ष्मी देवी बिंदल आ. ओ.पी. बिंदल निवासी शहर/ग्राम तुलसीपुर ...प. ह.न..... तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/माता /पिता/अन्य विनय बिंदल आ. ओपी बिंदल जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म प्रमाण पत्र जारी कियें जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 06/02/2025 तक लिखित में स्वंय / अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार दिनांक 23/01/2025 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 23/01/2025**
**सुनवाई दिनांक- 06/212035......**

सील — कार्यपालिकदडाधिकारी राजनांदगांव छ.ग.

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव 2 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202409090100030/-19(3)**

विषयः-अ-19(3) मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
मोहड़ (प ह न. 00025),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग, राजनांदगांव,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग, राजनांदगांव द्वारा पत्र क्रमांक 1378/फा.नं./ एल-3/कार्य, अभि./तक शाखा/2024 दिनांक 19.09.2024 के माध्यम से शासन के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के शहरी क्षेत्रों में सर्व सुविधायुक्त आवासीय बसाहट की अत्यधिक मांग को दृष्टिगत रखते हुये योजना अंतर्गत मुख्य रूप से कमजोर, निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के लिए ई. डब्ल्यू.एस., एल.आई.जी. तथा एम.आई. जी श्रेणी के भवनों के निर्माण हेतु ग्राम मोहड़, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. खुज्जी, तहसील डॉगरगांव स्थित भूमि खसरा नं. 210/1 रकबा 16.12 है. में से रकबा 5.00 है. (12.35 एकड़) भूमि को अटल विहार योजना के क्रियान्वयन हेतु छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, संभाग-राजनांदगांव को आबंटित किये जाने का निवेदन किया गया है। पत्र के साथ आवेदित स्थल का नक्शा, खसरा एवं शासन के आदेश की छायाप्रति प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पैशी दिनांक 07.02.2025 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है।

बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार डोंगरगांव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्रं0/ प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2025
राजनांदगांव, दिनांक 27/6/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगवती लाल, हीराराम, शिवराम जंघेल, मीना बाई वर्मा, उमा वर्मा, गायत्री बाई वर्मा, यशोदा वर्मा सभी के पिता धनुक लाल, बिन्दा बाई वर्मा पति धनुक लाल, राजू वर्मा, गोकुल वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, मोतिम बाई वर्मा सभी के पिता महावीर वर्मा, सुंदरिया बाई पति महावीर वर्मा, निवासी चिखली, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली, पटवारी हल्का नंबर 0039, खसरा नंबर 129, रकबा 0.1130 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋष्टा पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 07/02/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/01/2005 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्रं0/प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2025
राजनांदगांव, दिनांक 27/01/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुंदरीया बाई पति महावीर वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, राजू वर्मा, गोकुल वर्मा, मोतिम बाई वर्मा सभी के पिता महावीर वर्मा, बिन्दा बाई वर्मा पति धनुक लाल, भगवती लाल, मीना बाई, हीराराम वर्मा, शिवराम जंघेल, उमा वर्मा, गायत्री बाई वर्मा, यशोदा वर्मा सभी के पिता धनुक लाल, निवासी चिखली, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली, पटवारी हल्का नंबर 0039, खसरा नंबर 128/1, रकबा 0.0730 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋष्टा पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति दावा / आपत्ति इस उद्?घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 07/02/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

nandgaon times feb-05-04.qxd 2/4/2025 11:59 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) राष्ट्रीय नियोजन में रोलिंग प्लान की अवधारणा किसके द्वारा लागू किया गया था?*

*2) उस बिंदु के लिए खगोलीय शब्द क्या है जब पृथ्वी सूर्य के सबसे निकट होती है?*

*3) हाल ही में भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विभाग एजेंसी द्वारा अनावरण की गई गृह पत्रिका का नाम क्या है?*

*4) ताजे दूध का पीएच 6 है। जब वह खट्टा हो जाता है, तो उसका पीएच कितना होता है?*

*5) खबरों में देखा गया बताद्रवा थान मंदिर किस राज्य में स्थित है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) जनता सरकार के द्वारा (2) पेरीहेलियन (3) पहल (4) 6 से कम (5) असम

# एक दिवसीय त्रिशक्ति साधना शिविर संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर खैरागढ़ के कुशल पैलेस में अंतर्राष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार के तत्वाधान में एक दिवसीय त्रिशक्ति साधना शिविर का आयोजन 2 फरवरी को आयोजित किया गया ।

शिविर प्रारंभ के पूर्व शनि मंदिर खैरागढ़ धरमपुरा में 24 घंटे की हवन आहुति की गई जिसका जनकल्याण था । हवन की पूर्णहूति पूज्य गुरूदेव श्री अरविंद श्रीमाली के द्वारा किया गया । 2 फरवरी को शिविर प्रारंभ के पूर्व पूज्य गुरूदेव के स्वागत सत्कार के लिए अमलीपारा में गुरूदेव का स्वागत किया गया पश्चात रैलीनुमा में जय गुरूदेव के जयकारे के साथ गुरूदेव के गाड़ी के पीछे कुशल पैलेस आयोजन स्थल पहुँचे। जहाँ हजारों की संख्या में जिले भर से आये गुरू भाई बहन इंतजार कर रहे थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में गुरू वंदना और वंदना के साथ हुई तत्पश्चात् स्थानीय व अन्यत्र स्थल से पधारे गुरू भाई-बहने त्रिशक्ति साधना शिविर के आरंभ में पादुका पूजन के बाद हुई । तत्पश्चात् भजन भक्ति प्रारंभ हुआ । शिविर के भजनों से शिव के माहौल को गुरूमय कर दिया । साधक-साधिकाऐं थिरकने अपने आप को रोक नही पाए । इस दौरान पूज्य गुरूदेव ने कहा कि यदि हमने मानव के रूप जन्म लिया है, तो हम दुखी क्यों है, ये दुख समाप्त क्यों नही होते और हम तुलना करते है हम असंतुष्ट क्यों है, प्रत्येक मनुष्य के मन में उठता है, हम केवल ऊपरी आवरण को देखते है, किन्तु उनके जीवन को करीब से नही देखा है उनके जीवन में किसी प्रकार की संतुष्टि नही है, उनके परिवार में पारिवारिक भावना नही है हम सोचते है। जिस मनुष्य के जीवन में धर्म नही होता तब तक उसके जीवन में हानि होती है, जीवंत पर्यन्त वह भगता रहता है । इस जीवन में कोई आस्था नही होता तो जीवन डगमगा जाता है । व्यक्ति अपने जीवन में दो प्रकार से जीवन जीता है । आस्था और बुद्धि । बुद्धि के माध्यम से हम अपने जीवन में थोड़ा बहुत जीवन यापन कर सकते है । जो जीवन में आस्था रखते है उन्हें आध्यात्मिक चेतना प्राप्त होती है, उन्होने आगे कहा कि विश्वास नही है आस्था नही तो उनका जीवन श्रेष्ठ नही होगा । जितना अधिक हम मंत्रो में तीर्ण्यों में विश्वास रखते है, उतना ही अधिक हमें श्रेष्ठ होते है । जिस प्रकार से आदमी बीमार है तो एक गोली खाने से ठीक हो जाता है, किन्तु वह अधिक गोली 10 गोली खा लेता है । तो रियेक्शन कर देता है, ठीक उसी प्रकार मंत्र के माध्यम से हमें ईश्वर प्राप्त होता है । सदगुरू हमें ज्ञान देना चाहे, चेतना देना चाहे तो उसे लेने के लिए शिष्य में समर्पण के भाव होना चाहिये 7 हमारे रोग-रोग मे चेतन्य जागृति के माध्यम से हमें पूर्णता मिलती है । ये हमारे शास्त्रो के माध्यम से हमें आगे बढ़ना है । ये मंत्र, साधना, जप-तप है तो साधक को उच्चता की ओर ले जाता है । साधक अर्थात अपने जीवन को साधनेवाला । जिस प्रकार से हम गंगा नदी में डुबकी लगाते है तो हमें अलग तरह का ही अनुभव होता है, तो हमें अलग ही अनुभव होता है, हमें विश्वास है कि गंगा में नहाने से हम पवित्र हो जाएंगे । हमारे अंदर एक अलग ही विश्वास है हमारे अंदर एक अलग ही विश्वास है विश्वास और आस्था का एक उदाहरण देते हुए गुरूदेव नहा विश्वामित्र ने बिना कुछ किये सब कुछ प्राप्त हो जाए ऐसा सोचता है वह मूर्ख है । महाराज दशरथ से कहा कि राजकमारों को मुझे सौप दो, पूर्ण रूप से विश्वास करों कि मै इनका कल्याण करूंगा । सौपने का मतलब तन-मन से महाराज दशरथ ने अपने चारों मंत्रो को विश्वामित्रों को सौप देते है । चारों भाईयों ने पूर्णा समर्पण भाव से गुरू आशा का पालन किया । जिसका परिणाम राम मर्यादित पुरूषोत्तम के रूप में आज भी पूजे जाते है ।मै अपने जीवन को जी सकता है, जीवन को साध सके वह साधु है जो कुदृष्टि रखते है, वह साधु नही है, ढोग है । प्रत्येक साधक अपने जीवन को साधना के माध्यम से मंत्र जप के माध्यम सेअपने जीवन को साधा वह साधक है ।साधक कहता है मै अपने जीवन में देवत्व प्राप्त करना चाहता हूं, गुरू के प्रत्येक क्रिया को पूर्णा करना चाहता है । तत्पश्चात् गुरू दीक्षा का कार्यक्रम हुआ । नये साधक भाई-बहन को गुरूदेव ने गुरू दीक्षा दी । पश्चात् पुराने साधकों को शक्तिपाथ दीक्षा दी गई । पश्चात् गुरूदेवको से समस्त साधक को त्रिशक्ति साधना करवाई । दीक्षा पश्चात् भजन आरती हुआ । पश्चात् सभी गुरू भाई-बहनों को गुरू प्रसादी को वितरण किया । इसी के साथ शिविर का समापन हुआ । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुरू भाई-बहन उपस्थित हुए ।

# गात्रयी विद्यापीठ मे बीजेपी महापौर प्रत्याशी मधुसूदन ने शिक्षको से किया संवाद



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड नंबर 30 स्थित गायत्री विद्यापीठ स्कूल में पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं भाजपा से महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने सभा को संबोधित किया एवं वार्ड के बीजेपी पार्षद प्रत्याशी शेखर लश्करे का प्रचार प्रसार किया। इस सभा में गायत्री विद्यापीठ के कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, सचिव गगन लड्ढा, अकादमिक प्रमुख अमित उत्तलवार, सांस्कृतिक प्रमुख हरीश गांधी, गायत्री विद्यापीठ की प्राचार्यद्वय शैलजा नायर (सीबीएसई) एवं पिंकी खण्डेलवाल (सीजी बोर्ड), गायत्री गुरूकुल की प्राचार्य दीपाली रायचा, समाजसेवी राजेन्द्र जैन (बन्टू) एवं भाजपा नेता विट्ठल पटेल एवं गोलू गुप्ता सहित शिक्षकगण एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा। पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में मुख्य रूप से संस्कारधानी के विकास को लेकर अपना विजन साझा किया। उन्होंने शहर के विकास को लेकर अपनी पूर्व कार्यकाल की उपलब्धियों गिनाते हुए विगत कांग्रेस शासन काल में राजनांदगॉव नगर निगम की दुर्दशा एवं वार्डो में व्याप्त समस्याओं के संबंध में भी सभा से चर्चा की । भाजपा नेता मधुसूदन ने अपने पूर्व अनुभव के आधार पर इस समस्याओ के समुचित समाधान हेतु जनता से स्वयं को महापौर पद पर चुनने के लिये आशीर्वाद मांगा और वार्ड नं. 30 से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी शेखर लश्करे को विजयी बनाकर भाजपा को सशक्त करने के लिये भी समर्थन मांगा। इस दौरान पूर्व सांसद ने शिक्षकों से संवाद करते हुए उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। संस्था के पदाधिकारी सूर्यकांत चितलांग्या ने भी सभा को संबोधित किया।

# नगर देवांगन समाज डोगरगांव ने मनाया परमेश्वरी महोत्सव सम्पन्न



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर इकाई देवांगन समाज डोगरगांव ने 2 जनवरी को परमेश्वरी भवन डोगरगांव में परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया गया नगर लगभग 125 स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में सभा का आयोजन किया गया। माँ परमेश्वरी के पूजा अर्चना किया गया ।कार्यक्रम का मुख्य अतिथि पुषण लाल देवांगन संरक्षक थे ।एवं विशेष अतिथि के रूप में ,तीरथराम देवांगन अध्यक्ष, गजेन्द्र कुमार उपाध्यक्ष,एवं अनिल कुमार देवांगन सचिव , डोल कुमार देवांगन थे ।बच्चों के सास्कृतिक कार्यक्रम एवं बच्चों का खेल कुर्सी दौड़, महिलाओं का कुर्सी दौड़ एवं महिलाओं का मटका फोड़ जैसे मनोरंजक खेल बढ़ चढ़ भाग लिया गया खेल में विजयी प्रतिभागियों को समाज द्वारा पुरस्कार दिया गया। समाज के विकास के लिए एवं एकजुटता के साथ रहने के लिए अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में प्रकाश डाला गया नगर पूरे देवांगन परिवार के लिए भोजन प्रसादी का व्यवस्था रखा गया था। कार्यक्रम में महिला पदाधिकारी अरूणा देवांगन अध्यक्ष, पद्मा देवांगन उपाध्यक्ष, लता देवांगन सचिव, मालती देवांगन कोषाध्यक्ष, संतरी देवांगन चंदा देवांगन, सरस्वती देवांगन, ललिता देवांगन मुक्ता देवांगन कौशल्या देवांगन आदि बड़ी संख्या देवांगन बंधु उपस्थित रहे।

# 20 जनपद क्षेत्रों हेतु 87 ने भरा नामांकन

### अंतिम तिथि को रही गहमागहमी

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन फार्म भरने के अंतिम निर्वाचन कार्यालय में भारी गहमागहमी रही। अंतिम दिवस होने के कारण नामांकन फार्म भरने वाली में काफी हड़बड़ी देखी गई। अंतिम समय के बाद जो आंकड़े सामने आये हैं, उसके अनुसार डोंगरगांव ब्लॉक के 20 जनपद क्षेत्रों के लिए कुल 87 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किये हैं। आंकड़ों के अनुसार सभी जगहों पर बहुकोणीय संघर्ष के आसार हैं। निवार्चन कार्यालय द्वारा आज फार्म भरने के अंतिम दिवस समयावधि बीत जाने के बाद जो आंकड़े जारी किये गये हैं। उसके अनुसार ब्लॉक में जनपद क्षेत्र क्र. 01 बांकल (अनु. जाति महिला) हेतु अभी तक पारवती सतनामी बांकल, सावित्री बंजारे हरदी, सरस्वती मारकण्डे हरदी, गौरी भारती खपरीकला, लेवन लाउत्रे टेका, क्षेत्र क्र. 2 तुमड़ीबोड़ (पिछड़ा वर्ग महिला) हेतु राधिका साहू कोपेडीह, सरिता साहू आलीखूंटा, लक्ष्मीबाई साहू आरगांव, भारती वर्मा कोपेडीह, क्षेत्र क्र. 3 कोहका ढाबा (पिछड़ा वर्ग महिला) हेतु सुशीला निषाद कोहका, जया साहू नाथूनवागांव, क्षेत्र क्र. 4 घोरदा (अना. मुक्त) से राजेन्द्र कुमार गुप्ता घोरदा, भेलस साहू घोरदा, टीकम साहू किरगी, उमेश साहू घोरदा, बुद्धेश्वर साहू किरगी, क्षेत्र क्र. 5 मचानपार (अनु. जाति मुक्त) से पुनेश्वर जोशी खैरी, द्वारिकादास टंडन केसला, नेतराम देशलहरे धौंराभांठा, मीनाक्षी देशलहरे धौंराभांठा, दौवाराम नारंग गोंडरी, आत्माराम रात्रे नाथूनवागांव व कुंभदास जोशी केसला ने फार्म जमा किये। इसी प्रकारक्षेत्र क्र. 6 मारगांव (अना. मुक्त) से सहदेव राम सिन्हा गिरगांव, भागवत सिन्हा ओड़ारबांध, कुमान सिंह नेताम गिरगांव, गणेशराम सिन्हा मारगांव, जागेश्वर यादव दीवानभेड़ी, महेश्वर साहू बीजाभांठा, ढालूराम कोठारी पेंडरवानी, क्षेत्र क्र. 7 दीवानभेड़ी (अना. महिला) से चन्द्रिका रोहित सोनकर अमलीडीह, ममता पटेल अमलीडीह, रानू सिन्हा दीवानभेड़ी, क्षेत्र क्र. 8 मनेरी (अनु. जन. मुक्त) से ईश्वरी साहू बरगांव, नरबद बाई गंगासागर मनेरी, हेमिन बाई नेताम गुंगेरी नवागांव, तुलेश्वरी गोंड़ मनेरी, विवेक मंडावी बरगांव, क्षेत्र क्र. 9 आरी (अना. महिला) से चितरेखा साहू बीजाभांठा, कुमारी साहू बीजाभांठा, मोनिका साहू अमलीडीह, शोभना पटेल कोनारी, क्षेत्र क्र. 10 माथलडबरी (अना. महिला) से आशा भूषण देवांगन मोहड़, सरस्वती गायकवाड़ मोहड़, हेमिन पटेल माथलडबरी, हरिलाबाई बेंदरकटा, क्षेत्र क्र. 11 खुज्जी (पिछड़ा वर्ग महिला) से हुमेन्द्र बघेल बड़भूम, अक्षय देवांगन खुज्जी, रवि साहू खुज्जी, वामनदास साहू बडग़ांव चारभांठा, क्षेत्र क्र. 12 खुर्सीपार (अना. महिला) से दीबीका साहू खुर्सीपार, गेंदाबाई नादिया ने नामांकन फार्म जमा किये। इसके अलावा क्षेत्र क्र. 13 रूदगांव (अना. महिला) से पद्मिनी साहू रातापायली, देवकुंवर बाई गंजीर किरगी, दीपकबाई पटेल रूदगांव, पूर्णिमा साहू किरगी, क्षेत्र क्र. 14 अर्जुनी (पिछड़ा वर्ग मुक्त) से मोहनीश साहू अर्जुनी, पुरानिक साहू अर्जुनी,ज्योति साहू मोखली, क्षेत्र क्र. 17 करमतरा (अना. मुक्त) से महेन्द्र कुमार साहू संबलपुर, टुमनलाल साहू करमतरा, राजेन्द्र साहू कु. भांठागांव, याददास साहू मरेठा नवागांव, क्षेत्र क्र. 18 कोकपुर (अना. मुक्त) से ऐमन लाल साहू कोकपुर, ताराचंद जैन अर्जुनी, बिरेन्द्र साहू बम्हनीभांठा, रंजिता पड़ौती अरसीटोला, राजेन्द्र साहू चिचदो, क्षेत्र क्र. 19 तिलईरवार (अनु.का जा. महिला) से कांति चंद्रवंशी तिलईरवार व शिवरात्रि चंद्रवंशी खम्हेरा तथा क्षेत्र क्र. 20 से आसरा (अनु. ज. जा. महिला) से लीला मंडावी दर्राबांधा, नर्मदाबाई कंवर वि. नवागांव, सुकमा कुंजाम दर्राबांधा, अनीता पंचारी आसरा व कुमार बाई कंवर आसरा आदि ने अपने अपने नामांकन फार्म जमा किये हैं। कल 4 फरवरी को प्राप्त नामांकन फार्मों की जांच की जायेगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 6 फरवरी है, इसके बाद ही जनपद सदस्य का चुनाव लडने़ वाले लोगों की तस्वीर साफहोगी।

# कलेक्टर ने ईव्हीएम प्रदर्शन स्थल का किया निरीक्षण

## ईव्हीएम प्रदर्शन कर रहे अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश





**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी नगरीय निकायों के चौक-चौराहों, वार्डों में शिविर लगाकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के माध्यम से वोटिंग की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिले के विभिन्न स्थानों में ईव्हीएम प्रदर्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को ईव्हीएम के माध्यम से वोटिंग प्रक्रिया को सरल तरीके से जानकारी देने कहा। इसके साथ ही मतदाताओं को अपने मतदान का उपयोग करने के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने मतदाताओं के जिज्ञासाओं का शत प्रतिशत निराकरण करने कहा। इस दौरान आयुक्त नगर निगम श्री अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सेक्टर अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स द्वारा नगरीय निकायों के मतदाताओं को ईव्हीएम के माध्यम से मतदान करने के संबंध में जागरूक करने एवं वोटिंग मशीन की जानकारी देने के लिए ईव्हीएम प्रदर्शन किया जा रहा है। ईव्हीएम प्रदर्शन के लिए नगरीय निकाय के वार्डों में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है तथा मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा आम नागरिकों को ईव्हीएम संचालन का प्रदर्शन एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही। साथ ही मतदाताओं की जिज्ञासाओं का निराकरण भी किया गया। मतदाताओं को मतदान तिथि और समय के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। वोटिंग मशीन प्रदर्शन एवं जागरूकता अभियान नगरीय निकाय क्षेत्र के सभी वार्डों में किया जा रहा है।

**ईव्हीएम से मतदान की प्रक्रिया -**

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए सबसे पहले महापौर या अध्यक्ष पद के लिए सफेद लेवल में अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा, पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। फिर पार्षद पद के लिए गुलाबी लेवल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने खुले बटन को दबाकर मतदान करेंगे।

# जगरूकता अभियान में माहवारी और कैंसर बीमारियों से संबंधित जानकारी

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव में जगरूकता अभियान के तहत ॐआई



आई चैरिटेबल ट्रस्ट नई दिल्ली दुर्ग ब्रांच के तत्वाधान में जोनल कॉर्डिनेटर: - करण साहू , क्षेत्र अधिकारी:- नारायण दास ब्लॉक कोर्डिनेटर:- कामिनी मेम के मार्गदर्शन में विद्यालय की छात्राओं को विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या शांति निर्मलकर , राजेश्वरी देशमुख ने विषय की प्रसिंगता पर प्रकाश डाला। कामनी ने माहवारी संबंध समस्या एवं बढ़ती हुई सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय कैंसर पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान रखने तथा उचित खान-पान,जीवन-शैली में माहवारी संबंधी आने वाली दिक्कतों को दूर करने के उपाय पर जोर दिया।

श्री साहू ने छात्राओं को विभिन्न माहवारी संबंधी विभिन्न सैनिटरी पैड के प्रकार व उनके उपयोग किए जाने के समय अंतराल के विषय में बताया। कार्यक्रम में प्राथमिक विभाग प्रभारी शांति निर्मलकर, .राजेश्वरी देशमुख .राधिका, डिंपल . हेमा साहू, मनीषा साहू,.वंदना साहू चंद्रिका. तृप्ति देवांगन व समस्त दीदियाँ उपस्थित थी।

## धर्म समाचार....

# महाभारत के महान योद्धा भीष्म पितामह को कब और किसने दिया था इच्छा मृत्यु का वरदान ?

02




ज्योतिषियों की मानें तो माघ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर गुप्त नवरात्र की अष्टमी मनाई जाती है। गुप्त नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। साथ ही साधक मनचाहा वरदान पाने के लिए मां दुर्गा की कठिन साधना करते हैं। कठिन भक्ति से प्रसन्न होकर मां दुर्गा साधक को मनोवांछित फल प्रदान करती हैं।

हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को एकोदिष्ट श्राद्ध मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर भीष्म अष्टमी मनाई जाती है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि महाभारत के महान योद्धा भीष्म पितामह ने माघ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर अपने शरीर का त्याग किया था। इस शुभ अवसर पर भीष्म अष्टमी मनाई जाती है। ज्योतिषियों की मानें तो भीष्म अष्टमी पर कई मंगलकारी शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में जगत के नाथ भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही पितृ दोष से मुक्ति मिलेगी। इस दिन पितरों का तर्पण एवं पिंडदान किया जाता है। इससे पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। भीष्म पितामह का अंतिम संस्कार पांडवों द्वारा किया गया था। लेकिन क्या आपको पता है कि भीष्म पितामह को इच्छा मृत्यु का वरदान कब और किसने दिया था? आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं-

**कौन थे भीष्म पितामह?**

भीष्म पितामह महाभारत के महान योद्धा थे। इनके पिता का नाम महाराजा शान्तनु था और मां गंगा थीं। मां गंगा ने भीष्म पितामह को जन्म दिया था। बचपन में भीष्म पितामह का नाम देवव्रत था। देवव्रत बाल्यावस्था से महान योद्धा थे। उनमें पिता की तरह न केवल अतुल बल था, बल्कि पुरषार्थ भी था। इस वजह से उन्हें पितामह भी कहा जाता है।

**कब ली अंतिम सांस?**

सनातन शास्त्रों में निहित है कि महाभारत के युद्ध में भीष्म पितामह ने कौरवों का साथ दिया और कौरवों की तरफ से लड़ाई की। उन्होंने कौरवों का नेतृत्व किया। एक समय ऐसा भी आ गया था, जब धनुर्धर अर्जुन ने पितामह भीष्म पर वार करने से इंकार कर दिया था। उस समय भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें भविष्य से अवगत कराया। इसमें भीष्म पितामह के पूर्व और वर्तमान जन्म की मृत्यु की जानकारी दी।

तब जाकर अर्जुन ने पितामह से युद्ध किया। इस युद्ध में अर्जुन के बाणों से पितामह भीष्म घायल हो गए थे। हालांकि, सूर्य दक्षिणायन होने के चलते भीष्म पितामह ने अपने प्राण का त्याग नहीं किया। जब सूर्य उत्तरायण हुए, तो भीष्म पितामह ने अपने शरीर का त्याग किया था। माघ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को पितामह भीष्म ने अपनी अंतिम सांस ली थी। सनातन शास्त्रों में निहित है कि महाराजा शान्तनु ने अपने पुत्र देवव्रत को इच्छा मृत्यु का वरदान दिया था।

## 11 या 12 फरवरी, कब है माघ पूर्णिमा? जानें क्या है इस पर्व की सही डेट

माघ पूर्णिमा के पर्व को माघी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। पूर्णिमा के त्योहार को महीने के आखिरी दिन मनाया जाता है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही पवित्र नदी में स्नान किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि पूर्णिमा पर उपासना करने से जीवन खुशहाल होता है। पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भक्त भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं, जिससे उनका जीवन खुशहाल होता है। साथ ही सुख-समृद्धि में वृद्धि के लिए व्रत भी किया जाता है। धार्मिक मान्यत है कि माघ पूर्णिमा का व्रत करने से पापों से छुटकारा मिलता है और धन की प्राप्ति होती है। कुछ लोग माघ पूर्णिमा 11 फरवरी की बता रहे हैं। वहीं, कुछ ज्योतिष माघ पूर्णिमा 12 फरवरी को मनाने की बात कह रहे हैं। ऐसे में लोग बेहद कन्फ्यूज हो रहे हैं कि माघ पूर्णिमा किस दिन मनाएं? ऐसे में आइए इस आर्टिकल में आपको पंचांग के अनुसार बताएंगे कि माघ पूर्णिमा की सही डेट क्या है और इस दिन के शुभ मुहूर्त के बारे में।




**माघ पूर्णिमा 2025 शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, माघ पूर्णिमा की तिथि की शुरुआत 11 फरवरी को शाम 06 बजकर 55 मिनट पर होगी और 12 फरवरी को शाम 07 बजकर 22 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि को महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा।

ब्रह्म मुहूर्त - प्रात: 05 बजकर 19 मिनट से 06 बजकर 10 मिनट तक गोधूलि मुहूर्त - शाम 06 बजकर 07 मिनट से शाम 06 बजकर 32 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त - कोई नहीं अमृत काल - शाम 05 बजकर 55 मिनट से रात 07 बजकर 35 मिनट तक

**पंचांग**- सूर्योदय - सुबह 07 बजकर 02 मिनट पर, सूर्यास्त - शाम 06 बजकर 09 मिनट पर चंद्रोदय- शाम 05 बजकर 59 मिनट पर चंद्रास्त- कोई नहीं

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# नजूल भूमि पर काबिज लोगों को पट्टा देकर भूमि स्वामी बनाया जायेगा : मधुसूदन यादव



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी महापौर पद के उम्मीदवार मधुसूदन यादव ने कल देर रात्रि तक शहर के बलरामदास वार्ड, बलदेव प्रसाद मिश्र वार्ड, ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड, तुलसीपुर वार्ड एवं वर्धमान नगर क्षेत्र का व्यापक जनसंपर्क करते हुये अनेक स्थानों पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुये कहा कि आपका दिया हुआ हर एक वोट शहर के उज्जवल भविष्य की असली ताकत बनेगा। शहर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में केन्द्र व राज्य की सरकारें निरंतर प्रयास कर रही है, हमने पूर्व में शहर के विकास के लिये जो भी कार्य किया है वह सब आपके सामने है । आने वाले समय में विकास, स्वच्छता व पारदर्शिता कायम की जायेगी। पिछले वर्षो में नगरीय निकाय में कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार व कुशासन का नया अध्याय लिख दिया था। केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में हमेशा बाधा उत्पन्न की गई, शहर के सर्वांगीण विकास के लिये कृत संकल्पित है। कांग्रेस द्वारा शहर में फैलायें गये कुशासन को समाप्त करने का समय आ गया है, इस कुशासन को आपके आशीर्वाद से मुक्त किया जायेगा, ये विश्वास मैं आपकों हृदय से दिलाता हूॅं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री यादव ने पार्टी के प्रदेश स्तर पर जारी चुनाव घोषणा पत्र जिसे अटल विश्वास पत्र के नाम पर जारी किया गया है कि चर्चा करते हुये कहा कि नजूल भूमि मालिकाना हक के लिये नया कानून बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया जायेगा ताकि नजूल भूमि में काबिज लोगों को तथा सभी पट्टाधारकों को उनकी प्रापर्टी घोषित कर भूस्वामी बन सकें। शहर को एक योजनाबद्ध तरीके से विकसित करने कार्ययोजना बनाई जायेगी, शहर की सभी स्ट्रीट लाईटें सौर ऊर्जा के माध्यम से संचालित करने की बड़ी परियोजना पर काम किया जायेगा। आवागमन व्यवस्था को बेहतर करने के लिये स्थानीय सड़कों, फुटपाथों का निर्माण करेंगे इसी तरह ऑटो रिक्शा व ई-रिक्शा चालकों के लिये ऑटो स्टैण्ड में चार्जिंग पाइण्ट की स्थापना की जायेगी ताकि परिवहन की सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सकें। महाविद्यालयों व हाईस्कूलों में फ्री वाई-फाई की सुविधा स्थापित करेंगे वही शहर में चिन्हित 50 स्थानों पर वाई-फाई स्पॉट विकसित किया जायेगा ताकि आम नागरिकों को मुक्त इंटरनेट सुविधा का लाभ मिल सकें। श्री यादव ने आगे कहा कि सड़क पर व्यापार करने वाले ठेला चालकों व स्ट्रीट वेण्डरों के सहयोग के लिये प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के माध्यम से तीस हजार रूपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। इसी के साथ स्मार्ट वेंडिंग जोन फूड स्ट्रीट की स्थापना हेतु एक समुचित नीति बनाई जायेगी, जिससे सड़क में व्यापार करने वालों को बढ़ावा मिल सकें। शहर में आये-दिनों सड़को पर घुमने वाले पशुओं से यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, शहरवासियों को आवारा पशुओं से मुक्त दिलाने कारगार कदम उठाये जायेंगे, इसी के साथ आवारा कुत्तों की संख्या को न्यूनतम करने के लिये समग्र नीति तैयार की जायेगी,



शहर में ग्रीन बेल्ट और वृक्षारोपण पर जोर दिया जायेगा, इसके लिये हरे-भरे स्थानों को मनोरंजन क्षेत्र बनाकर वायु की गुणवत्ता में सुधार कर जैव विविधता को बढ़ावा दिया जायेगा। स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करना भी उनकी प्राथमिकता होगी। जनसम्पर्क के दौरान वार्ड नं. 14 के पार्षद प्रत्याशी मुकेश चौबे, वार्ड नं. 15 के प्रत्याशी प्रमोद झंझाड़े, वार्ड नं. 16 के प्रत्याशी पारस वर्मा, वार्ड नं. 17 के प्रत्याशी किशुन यदु व वार्ड नं. 18 के प्रत्याशी रेखा अभय पारख के साथ ही अजित जैन, राजेन्द्र जैन (बंटू), सागर यादव, शैल यादव, बंटी काण्डा, मुन्ना यादव, सतीष रेवतकर, राजू बिझलेकर, गोलू सोनी, ऋषिदेव चौधरी, मुकेश बघेल, विनोद चौरड़िया, सागर गोलछा सहित वार्डवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजनांदगांव पुलिस का ऑपरेशन मुस्कान : एक माह में 44 गुमशुदा लोगों को किया बरामद

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में गुमशुदा और अपहृत बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की तलाश के लिए चलाए जा रहे च्ऑपरेशन मुस्कानज् के तहत राजनांदगांव पुलिस ने एक माह के भीतर 44 गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया।

इस अभियान के तहत 04 बालक, 21 बालिकाएं, 12 महिलाएं और 07 पुरुष विभिन्न स्थानों से बरामद किए गए। पुलिस ने राजस्थान, महाराष्ट्र (भंडारा, नागपुर), मध्यप्रदेश (जबलपुर), तेलंगाना (हैदराबाद) और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में जाकर इनकी खोजबीन की और उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाया।




### खोए अपनों के मिलने पर छलके खुशी के आंसू

गुमशुदा बच्चों और परिजनों के पुनर्मिलन का दृश्य भावनात्मक रहा। अपने खोए हुए बच्चों को पाकर माता-पिता की आँखें खुशी से छलक पड़ीं। पुलिस के इस प्रयास की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की और आभार जताया।

### वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में चला अभियान

ऑपरेशन मुस्कान पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री दीपक कुमार झा के आदेशानुसार और पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में चलाया गया। अभियान को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न थाना प्रभारियों ने अंजाम दिया।

### प्रमुख मामलों की सफलता

थाना बसंतपुर- एक नाबालिग बालिका राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन पर मिली। सीसीटीवी फुटेज और रेलवे पुलिस के सहयोग से उसे सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा गया।

थाना गैंदाटोला - एक नाबालिग लड़की का मोबाइल ट्रैक कर हैदराबाद (तेलंगाना) से बरामद किया गया।

ओपी मोहारा - लगातार तलाश के बाद पुलिस ने जबलपुर (मध्यप्रदेश) से एक अपहृत बालिका को बरामद किया। आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### ऑपरेशन मुस्कान रहेगा जारी

राजनांदगांव पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस का संकल्प है कि लापता लोगों की खोज कर उन्हें उनके परिवार से जोड़ा जाए और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। च्राजनांदगांव पुलिस के इस अभियान से कई परिवारों में मुस्कान लौटी है और आगे भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव आज आधा दर्जन वार्डो में

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी महापौर पद के उम्मीदवार मधुसूदन यादव प्रतिदिन विभिन्न वार्डो में जनसंपर्क करते हुये आम नागरिकों से कमल फूल निशान के लिये आशीर्वाद मांग रहे है। कल 5 फरवरी बुधवार को आधा दर्जन वार्डो में पहुंचकर अपने जनसम्पर्क अभियान को गति प्रदान करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री यादव कल दोपहर 2 बजे अपने जनसम्पर्क अभियान का प्रारंभ वार्ड नं. 30 सरदार वल्लभभाई पटेल से करेंगे उसके पश्चात् वार्ड नं. 29 कैलाश नगर, वार्ड नं. 28 विवेकानंद वार्ड, वार्ड नं. 27 तिलक वार्ड गंज लाईन-भरका पारा में जनसम्पर्क करते हुये वार्ड नं. 26 सुभाष वार्ड कामठी लाईन-रामाधीन मार्ग पहुंचेंगे फिर वे रात्रि में वार्ड नं. 25 सूर्यमुखी वार्ड गुड़ाखु लाईन में घर-घर पहुंचकर लोगों का समर्थन हासिल करेंगे। इस दौरान उक्त वार्डो के पार्षद पद के प्रत्याशी एवं अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डोंगरगांव में की जनसभा कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पदेवी यदु के लिए की वोट अपील




**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स) :** आज डोंगरगांव के पुराना बस स्टैंड में आयोजित एक भव्य जनसभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी श्रीमती पुष्पदेवी यदु और अन्य पार्षद प्रत्याशियों के लिए समर्थन की अपील की।

जनसभा में भव्य जनसैलाब देखने को मिला, जहां भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अपने जोश और उत्साह से पार्टी का समर्थन किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, डोंगरगांव के विकास के लिए कांग्रेस पार्टी ही सबसे उपयुक्त विकल्प है। श्रीमती पुष्पदेवी यदु के नेतृत्व में नगर पंचायत के चुनाव में कांग्रेस को भारी जीत मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि डोंगरगांव में कांग्रेस का परचम लहराने जा रहा है, और यह जनसैलाब इसका गवाह है। बघेल ने जनसभा के दौरान लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें ताकि डोंगरगांव में सभी मूलभूत सुविधाएं और विकास कार्य तेज़ी से हो सकें।श्रीमती पुष्पदेवी यदु ने अपनी ओर से जनसभा में उपस्थित जनता का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि कांग्रेस की सरकार में डोंगरगांव को एक नए विकास की दिशा मिलेगी। कांग्रेस के प्रति उमड़ा जनसमर्थन यह साफ बता रहा है कि आगामी नगर पंचायत चुनाव में डोंगरगांव में कांग्रेस का परचम लहराने जा रहा है।



# आयुक्त ने किया डामरीकरण कार्य का निरीक्षण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश





**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** नगर निगम द्वारा शासन की स्वीकृति के तहत शहर की विभिन्न सड़कों पर डामरीकरण कार्य कराया जा रहा है। सोमवार को नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने इन कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य करने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

### शहर के इन इलाकों में चल रहा है डामरीकरण कार्य

वर्तमान में नगर निगम द्वारा सृष्टि कॉलोनी, गौरव पथ, राजीव नगर, शिव नगर, सिविल लाइन एसपी ऑफिस के पास, जीवन विहार कॉलोनी, मोतीपुर क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सृष्टि कॉलोनी के कार्यों का जायजा लिया और तकनीकी अधिकारियों को शासन के मापदंडों के अनुसार कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

### डामरीकरण से पहले आवश्यक तैयारियां जरूरी

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि डामरीकरण से पहले संबंधित क्षेत्र से वाहनों को हटाने की व्यवस्था की जाएऔर क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सड़क निर्माण से पहले पाइपलाइन, नल कनेक्शन आदि की जांच कर उन्हें दुरुस्त किया जाए, ताकि डामरीकरण के बाद सड़क खोदने की नौबत न आए।

### गुणवत्ता और सुचारू यातायात पर विशेष ध्यान

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी तकनीकी अधिकारी डामरीकरण कार्य के दौरान अपने-अपने प्रभार वाले वार्डों में मौजूद रहेंऔर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि डामर प्लांट में मेट एवं उप अभियंता डामर की मात्रा और गिट्टी मिक्सिंग की जांच करें, उसके बाद ही डामरीकरण हो।

उन्होंने यह भी कहा कि यातायात बाधित न हो, इसके लिए एक तरफका डामरीकरण पहले पूरा किया जाए और फिर दूसरी तरफका कार्य किया जाए। सभी अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

शहर में सड़क विकास के इस महत्वपूर्ण कार्य से नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी और नगर निगम इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# महिलाओं को बराबरी का दर्जा व उनका विकास भाजपा ने किया है व करेगी : पारूल जैन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महामंत्री पारूल जैन इन दिनों महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव व वार्डो के भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने जी-जान से जुटी हुई है, शहर के अनेक हिस्सों का सघन दौरा कर महिलाओं की बैठकों को संबोधित करते हुये कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसा दल है जिसे महिलाओं के समुचित विकास की चिंता है, उन्हे बराबरी का दर्जा देने की फिक्र है तभी तो केवल स्थानीय निकाय के चुनाव ही नही बल्कि देश की सर्वोच्च संसद व प्रदेश की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी स्थान देने का ऐतिहासिक निर्णय किया है, जो आने वाली लोकसभा व विधानसभा चुनाव में लागू हो जायेगा, फिर चाहे व देश की संसद हो या प्रदेशों की विधानसभाएं हो महिला सांसद व विधायकों की एक बड़ी संख्या इन स्थानों पर उपस्थित रहेगी, जिससे महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निदान हो सकेगा।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुश्री जैन ने आगे कहा कि लगभग सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत एक-एक हजार रूपये प्रतिमाह उनके बैंक खातों में भेजा जा रहा है, इसी प्रकार गरीब परिवार की बच्चियों के लिये कन्या विवाह योजना के तहत प्रत्येक परिवार को पचास हजार रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है इतना ही नहीं बल्कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार की ओर से महतारी शक्ति ऋण योजना के अन्तर्गत महिला बहनों को 25 हजार रूपये तक एकमुश्त ऋण दिया जा रहा है, इस योजना की तारीफ यह है कि यह बिना किसी गारंटी के महिलाओं को उपलब्ध हो रहा है तथा 174 करोड़ रूपये से प्रदेश की करीब 10 लाख महिलाओं को गर्भावस्था व बच्चों के स्तनपान के दौरान वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है।

सुश्री पारुल जैन ने कांग्रेस पर तीखे हमले बोलते हुये कहा कि इनके शासनकाल में महिलाओं की सुरक्षा ताक पर रख दी गई थी, महिला थाना प्रारंभ करने का वायदा किया किन्तु इस दिशा में उन्होंने अपने शासनकाल में एक ईंट तक नहीं रखी इतना ही नहीं ऋण माफी का झूठा सपना दिखाया गया, इसके अलावा कांग्रेस की सी-मार्ट योजना महिलाओं को मजबूत बनाने के नाम पर धोखा निकली, वादा पूरा करने में कांग्रेसी विफल रहे है नतीजा यह हुआ कि 22 हजार महिलाएं अपनी नौकरी से हाथ धो बैठी और उनके परिवार पर आर्थिक संकट आ गया। सुश्री जैन ने कहा कि स्वच्छ व सुंदर शहर के सपने को पूरा करने के लिये भाजपा के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव व सभी 51 वार्डो के पार्षद प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाये।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com